## सार-समाचार

### महावीर जयंती पर गौशाला में गौमाता की सेवा

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस)।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दिगम्बर जैन ज्ञानोदय नवयुवक मंडल द्वारा विभिन्न गौशाला में गौमाता की सेवा गई। संयोजक विकास पाटनी व अंकित छाबड़ा ने बताया कि मदनेश गौशाला, सुग्रीव गौशाला, राधा माधव गौशाला सहित अन्य गौशाला में गौवंश को लापसी व चारा खिलाया। जीव दया को लेकर कबूतर शालाओं में धान वितरण किया। समाजसेवी गौरव पाटनी ने बताया कि 30 मार्च को प्रातः महावीर जयंती के दिन राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में रोगियों को दूध व बिस्किट, फ्रूट वितरित किये जायेंगे। सेवा भारती द्वारा संचालित भोजन शाला में पांच दिन तक निःशुल्क भोजन व्यवस्था की गई। सचिव इंदरचंद पाटनी ने बताया कि सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में परोपकार, जीव दया मानवता का प्रेरणादायक संदेश दिया। इस दौरान वीर कुमार पांडया, राजू वेद, जितेंद्र छाबड़ा, पंकज अजमेरा, संजय झांझरी, ज्ञानचंद पाटनी, सुभाष चौधरी, कैलाश पाटनी, हेमंत , राजेश पहाड़िया, राजकुमार चौधरी, धर्मेंद्र पाटनी, दिलीप , नागेंद्र चौधरी, विकास गंगवाल, आनंद, संतोष , अन्तिमा, जीनांश , पूर्वाश , रक्षित , मिष्टी , रक्षिता अजमेरा, पूर्विक, जीवेशा, माही गंगवाल उपस्थित रहे।

### पृथ्वीराज पुरी में सामुदायिक भवन बनवाने की मांग

**अजमेर,(कासं)।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार चौरसिया ने वार्ड 39 में स्थित पृथ्वीराज पुरी में स्थित सामुदायिक भवन या महिला स्नानघर बनाने की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलैक्टर नरेन्द्र मीणा व एडीए आयुक्त नित्या के को पत्र लिखा है। पत्र में चौरसिया ने बताया कि वार्ड में किसी की मृत्यु होती है तो महिलाए खुले में नहाने को मजबूर है। इनकी सुविधा के लिए सामुदायिक भवन या दो से तीन स्नाानघर बनाने की आवश्यकता है।

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर आज निकलेगी भव्य रथ यात्रा

**अजमेर(निसं)।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2625 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 30 मार्च को विशाल रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा प्रातः 8 बजे केसरगंज स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर में समाप्त होगी। उत्सव संयोजक दीपक कोठारी ने बताया कि भगवान महावीर का जीओ और जीने दो तथा अहिंसा का संदेश आज भी प्रासंगिक है और समाज के लिए मार्गदर्शक है। रथ यात्रा में करीब 40 आकर्षक झांकियां, स्वर्णमयी रथ, ऐरावत हाथी, घोड़े, बैंड और ढोल-नगाड़ों के साथ हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। विभिन्न झांकियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। शाम को मंदिर में 1008 दीपों से भव्य महाआरती का आयोजन होगा। इसके अलावा ब्राह्मी महिला मंडल द्वारा भजन और बधाई गीतों के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

### अजमेर वार्ड 54 वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक संपन्न

**अजमेर, (निसं)।** वार्ड नंबर 54 वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक रविवार को नाका मदार शक्ति नगर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में परिषद के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बृजमोहन सैय्या, एम.एल. भरोटा और सचिव लक्ष्मण सिंह गारवाल का जन्मदिन मनाया गया। साथ ही होली और ईद मिलन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। बैठक के अंत में परिषद के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई। हिम्मत सिंह राठौड़ द्वारा मुन्ना मंसूरी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए मुन्ना मंसूरी को अध्यक्ष नियुक्त किया। नवनियुक्त अध्यक्ष मुन्ना मंसूरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और परिषद का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने वार्ड के समग्र विकास के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक में वार्ड की साफ-सफाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और कई आवश्यक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर बाल किशन भाटी, लक्ष्मण सिंह गारवाल, बृजमोहन सैय्या, एम.एल. भरोंठा, विद्यानंद चतुर्वेदी, प्रवीण राठौड़, रज्जाक मोहम्मद अंसारी, वजरंग लाल सेन, मदन धानका, मांगीलाल, महेंद्र सिंह, भगवान सहाय, नारायण, हिम्मत सिंह, गणेश चंद सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति हेतु विशाल परामर्श शिविर

**ब्यावर ( निसं )।** जिला प्रशासन,जिला पुलिस एवं लायंस क्लब ब्यावर यूनिक के सौजन्य से 5 अप्रेल रविवार को केम्पस पुलिस थाना,ब्यावर सिटी में निशुल्क नशा मुक्ति परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मनोरोग एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ श्रीमती नसीम जहाँ ,एमबीबीएस ,एमडी अपनी सेवाएं देगी। गौरतलब है कि युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है और भविष्य अंधेरे में जा रहा है। क्लब का उद्देश्य सामाजिक कार्य करने के साथ साथ युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना और उन्हें ऐसे पथ पर जाने से रोकना है जो उन्हें अंधकार की ओर ले जाता है। यदि हमारा वर्तमान सुरक्षित है तो भविष्य उज्ज्वल होगा। सरकार, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने नशे के विरुद्ध अभियान चला रखा है। इस अभियान में लायंस क्लब ब्यावर यूनिक प्रशासन के साथ है और नशे के विरुद्ध इस अभियान में हमेशा अग्रणी रहा है।जो युवा इस अंधकार में भटक गए है उन्हें पुनः मुख्य धारा में लाना होगा उन्हें एक सम्मानित जीवन जीने का मौका देना होगा। नशा मुक्ति शिविर का आयोजन नशे की गिरफ्त में युवाओं को इससे बाहर निकलने में मदद करेगी।

### पंडित जी के विकास कार्यों को किया याद

**ब्यावर ( निसं )।** स्वतंत्रता सेनानी, अजमेर-मेरवाड़ा के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं राजस्थान सरकार में शिक्षा, राजस्व एवं श्रम मंत्री रहे स्वर्गीय पंडित बृजमोहनलाल शर्मा की 29 वीं पुण्यतिथि पर आज श्रद्धांजलि सभा एवं सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लेकर पंडित जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 'शून्य मृत्यु दर जिला' अभियान को गति देने हेतु क्रिटिकल कॉरिडोर टीम की हुई बैठक

■ बैठक के दौरान जिले में चिन्हित दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने, यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने तथा आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया गया

**अजमेर, (निसं)।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और 'शून्य मृत्यु' के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से अजमेर पुलिस द्वारा 'शून्य मृत्यु दर जिला (जेडएफडी)' अभियान के अंतर्गत क्रिटिकल कॉरिडोर टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक गांधी नगर के मार्बल एसोसिएशन के सभागार में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला द्वारा की गई।

बैठक के दौरान जिले में चिन्हित दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने, यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने तथा आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे सडक़ दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए एम्बुलेंस सेवाओं एवं 108 मेडिकल वाहनों का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करें।

एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ठोस और प्रभावी कार्य योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 'शून्य मृत्यु दर वाला जिला' अभियान के तहत जिले में दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर उनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के सभी क्रिटिकल पुलिस थानों में सहायक पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को प्रभारी बनाकर विशेष टीमें गठित की जाएंगी, जो दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई करेंगी। साथ ही, चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और दुर्घटना की स्थिति में त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

**पुलिस की आमजन से अपील:** अजमेर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। साथ ही शराब पीकर वाहन न चलाएं और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाकर इस अभियान में सहयोग प्रदान करें, ताकि सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सके।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दीपक कुमार, डॉ अजय सिंह, वृताधिकारी रामचन्द्र चौधरी, यातायात प्रभारी सहित संबंधित थानों के अधिकारी एवं अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भारतीय शिक्षण मंडल का 57वां स्थापना दिवस कल

■ संगठन की वार्षिक पत्रिका भारतीय शिक्षण बोध'' का विधिवत विमोचन भी किया जाएगा

**अजमेर, ( निसं )।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षण मंडल, चित्तौड़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को भारतीय शिक्षण मंडल का 57वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन की वार्षिक पत्रिका भारतीय शिक्षण बोध'' का विधिवत विमोचन भी किया जाएगा। इस वर्ष समारोह का मुख्य विषय स्वबोध आधारित शिक्षा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति एवं राष्ट्र पुनर्निर्माण का आधार रखा गया है। यह विषय भारतीय ज्ञान परंपरा और सनातन मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली को पुनर्स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी.आर. शंकरानंद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय महामंत्री प्रो. भरत शरण सिंह और राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा डॉ. संजय पाठक, प्रो. गजेंद्र पाल सिंह, प्रो. अल्पना कटेजा और श्री चंडी दान चारण सहित कई गणमान्य अतिथि समारोह में भाग लेंगे। आयोजन कुलपति प्रो. भालेराव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है और इसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा के स्वदेशी दृष्टिकोण को सुदृढ़ करना है। गौरतलब है कि भारतीय शिक्षण मंडल की स्थापना वर्ष 1969 में राम नवमी के पावन अवसर पर हुई थी और वर्तमान में यह संगठन देश के 45 प्रांतों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# 'भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित'

■ कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार एवं नगद राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया

**अजमेर, ( निसं )।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में रविवार को श्री जैन रत्न युवती मंडल अजमेर की ओर से पुष्कर रोड स्थित स्वाध्याय भवन में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 5 से 9 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस एवं भजन प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने महावीर स्वामी के 27 भवों में से किसी एक का वेश धारण कर अपनी प्रस्तुति दी। वहीं 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए मैं महावीर स्वामी क्यों बनना चाहता हूँ विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई।

करीब 30 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में मोक्षा चोपड़ा प्रथम, काश्वी जैन कटारिया द्वितीय एवं रिद्धिमा जैन तृतीय स्थान पर रहीं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रोहक कोठारी प्रथम एवं आरव चपलोत द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि भजन प्रतियोगिता में लाभार्थ सुराणा प्रथम तथा अनंत पोखरणा द्वितीय रहे।

निर्णायक मंडल में सूर्यप्रकाश गांधी, सम्पत डूंगरवाल एवं तारा सिसोदिया ने प्रतिभाओं का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार एवं नगद राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसमें शालू पोखरणा, रानू कटारिया, श्वेता कटारिया एवं शिल्पा कावडिय़ा ने प्रस्तुति दी। स्वागत गीत शीतल गांधी, भावना लोढ़ा एवं अंशिता जैन ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन मेघा कोठारी एवं रिचा मेहता ने किया। इस अवसर पर अलका दुधेडिया, उषा लूणावत, सोना कोठारी, कल्पना कटारिया, नम्रता कोठारी, साक्षी बोहरा, रेखा बोहरा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# मेघवाल समाज विकास संस्थान की बैठक हुई

**डीडवाना( निसं )।** मेघवाल समाज विकास संस्थान, डीडवाना की समस्त कार्यकारिणी एवं आमजन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को भव्य रूप से मनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष एस.आर. लूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली चूंगी चौकी से प्रारंभ होकर अम्बेडकर सर्किल से होते हुए मेघवाल समाज विकास संस्थान भवन पर जाकर समाप्त होगी। रैली के पश्चात संस्थान भवन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# चम्बल का पानी वंचित कॉलोनियों को उपलब्ध कराने की मांग

■ 131 करोड़ की योजना का वर्क ऑर्डर हो, आमजन हाई टीडीएस का पानी पीने को मजबुर

**भीलवाड़ा( निसं )।** पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल एवं विधायक अशोक कोठारी से चम्बल पेयजल से वंचित कॉलोनियों को चम्बल का पानी शीघ्र उपलब्ध करवाने की मांग की है। जाजू ने कहा कि सरकार द्वारा 131 करोड़ रुपये वंचित कॉलोनियों को चम्बल का पानी उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृत किये गये हैं, परंतु अब तक वर्क ऑर्डर जारी नहीं हुए हैं जो शीघ्र जारी कराए जाए।

जाजू ने बताया कि बजट स्वीकृत होने के बावजूद लगभग 1 लाख लोग आज भी अशुद्ध, प्रदूषित व हाई टीडीएस का पानी पीने को मजबूर है। जाजू ने बताया कि हाई टीडीएस पानी पीने के लिए तो उपयुक्त नहीं है साथ ही नहाने पर भी बाल झड़ने की गंभीर समस्या पैदा कर रहा है। जाजू ने पत्र लिखकर विधायक, सांसद सहित प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का शुद्ध पेयजल की गंभीर व पुरानी समस्या से निजात हेतु शीघ्र वर्क ऑर्डर जारी कर समयसीमा तय करते हुए चम्बल का पेयजल उपलब्ध कराने की ओर ध्यान आकृष्ट किया। उल्लेखनीय है कि जाजू ने शुद्ध व स्वच्छ पेयजल हेतु राजस्थान उच्च न्यायालय में जनहित याचिका भी दायर की थी, जिसमें जिला प्रशासन व पीएचईडी को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु दिशानिर्देश दिये गये हैं।

# शैक्षिक महासंघ की जिला बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर

**अजमेर, (निसं)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) जिला अजमेर की बैठक तोपदड़ा स्थित विवेकानंद शिक्षण कल्याण न्यास भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नरूका ने की।

बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य वक्ता भंवर सिंह राठौड़ ने संगठन की गतिविधियों, सदस्यता अभियान और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन का विस्तार अब खंड स्तर पर किया जाएगा तथा 14 अप्रैल को सामाजिक समरसता कार्यक्रम सभी विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने संगठन की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की एकता और समर्पण से संगठन आज मजबूत स्थिति में पहुंचा है। आगामी सत्र 2026-27 के सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आव्हान भी किया गया।

बैठक में जिले के 11 खंडों में प्रवासी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई तथा सभी खंड अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों की गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की।

द्वितीय सत्र में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नरूका ने संगठन की विचारधारा, प्रशिक्षण वर्ग, कर्तव्य बोध दिवस एवं नव संवत्सर कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भगवान सिंह गौड़ का सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मान किया गया।

# आराधना भवन में नवपद ओली का आयोजन

**अजमेर, (निसं)।** पुष्कर रोड स्थित श्री विजय कलापूर्ण सूरी जैन आराधना भवन में इन दिनों 9 दिवसीय नवपद ओली का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है।

25 मार्च से प्रारंभ हुई इस ओली में प्रतिदिन लगभग 60 से 65 महिला एवं पुरुष श्रद्धालु आयम्बिल कर रहे हैं। इस आयोजन की सुव्यवस्थित व्यवस्था संतोष चंद सुराणा परिवार द्वारा की जा रही है।

आयम्बिल के दौरान बिना नमक एवं सीमित आहार के साथ विशेष नियमों का पालन किया जा रहा है। प्रतिदिन 30 से 35 प्रकार के व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें घी, तेल, दूध, दही, मसाले एवं फलों का उपयोग नहीं किया जाता। केवल सादा उबला हुआ अनाज, गेहूं, चावल, दाल, चिरायता पानी, आयम्बिल पापड़ और खाखरा जैसे पदार्थों का सेवन किया जाता है। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के प्रवक्ता रिखब सुराणा ने बताया कि नवपद ओली का मुख्य उद्देश्य स्वाद की आसक्ति को समाप्त कर इन्द्रियों पर नियंत्रण प्राप्त करना और कर्मों के बंधन को कम करना है। उन्होंने कहा कि यह तप न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी लाभकारी है, क्योंकि यह शरीर और मन दोनों के संतुलन को बनाए रखने में सहायक है।

# वार्ड 53 में विकास की नई सौगात, 32 लाख के टीन शेड का लोकार्पण

■ मंदिर समिति द्वारा लंबे समय से टीन शेड निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है

**अजमेर(निसं)।** दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने वार्ड संख्या 53 में धोलाभाटा से आगे रेलवे लाइन के पार स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में 32 लाख रुपये की लागत से निर्मित टीनशेड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और स्थानीय नागरिकों ने विधायक का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। विधायक भदेल ने बताया कि मंदिर परिसर में पहले किसी प्रकार की स्थायी छाया व्यवस्था नहीं थी, जिससे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जागरण, कथा, सत्संग और बैठकों के लिए हर बार अस्थायी टेंट लगाने पड़ते थे, जो मौसम के अनुसार परेशानी का कारण बनते थे।

उन्होंने बताया कि मंदिर समिति द्वारा लंबे समय से टीन शेड निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। बड़े आकार में बनाए गए इस टीनशेड से अब बड़े स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन आसानी से किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे विकास कार्यों का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है और भविष्य में भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सोफिया कॉलेज में वार्षिक उत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न

**अजमेर, (निसं)।** सोफिया कॉलेज (स्वायत्तशासी), अजमेर में रविवार सायं 5.30 बजे वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या प्रोफेसर सिस्टर पर्ल द्वारा मुख्य अतिथि कर्नल मंदीप विरदी (कमांडिंग ऑफिसर, आर्मी सर्विस कोप्र्स, कालका) एवं विशिष्ट अतिथि राइट रेव. बिशप जॉन कार्वाल्हो का पौधा भेंट कर स्वागत से हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना एवं नृत्य से हुई। इसके पश्चात प्राचार्या ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर वर्षभर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

एनसीसी में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नेहा राठौड़ एवं रित्विका राठौड़ को पुरस्कृत किया गया। हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में परी कोठारी तथा अंग्रेजी वाद-विवाद में वृंदा पराशर को श्रेष्ठ वक्ता के रूप में सम्मानित किया गया। नाट्यय निर्देशन में प्रियदर्शिनी सोनी, कशिश टेकचंदानी, श्वेता भाकर एवं सृष्टि जोरम को पुरस्कार प्रदान किए गए।

सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का सम्मान संस्कृति कंवर एवं दिव्यांशी को दिया गया, जबकि सामाजिक सेवा के लिए आयशा जमीर, वद्रिधनी जैन, इश्मीत कौर एवं अंशिता मित्तल को ट्रॉफी प्रदान की गई। लगभग एक लाख रुपये की 47 प्रकार की छात्रवृत्तियां भी वितरित की गई। सर्वश्रेष्ठ छात्रा का खिताब वद्रिधनी जैन एवं भानु प्रदीप को मटिल्डा ट्रॉफी के रूप में मिला, जबकि सुहानी शर्मा को सिस्टर कामन स्मृति ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अस्तित्व - आत्म की खोज विषय पर आधारित नृत्य-नाटिका ने विशेष आकर्षण बटोरा, जिसमें आत्मबोध, पहचान और संघर्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट अतिथि बिशप जॉन कार्वाल्हो ने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है।

# गोविंद गिरी महाराज के प्रवचन से बनेगा आस्था का मंदिर

**ब्यावर (निसं)।** प्रति वर्ष की भांति होने वाले आयोजनों के अंतर्गत इस वर्ष 2 से 5 अप्रेल तक आध्यात्मिक आयोजन में श्री गोविन्द गिरी महाराज के मुखारविंद से कृष्ण नीति दर्शन से गूंजेगा पूरा ब्यावर शहर। ज्ञान और सेवा कृष्ण नीति दर्शन विषय पर चार दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन की सम्पूर्ण तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। । धर्म और आस्था से जुड़ा श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित यह भव्य आयोजन श्री सीमेंट परिसर में प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक होगा। आयोजन में श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी महाराज अपने प्रवचनों के माध्यम से भगवान कृष्ण के जीवन दर्शन और नीतियों पर प्रकाश डालेंगे। गौरतलब है की पूर्व में भी महाराज श्री के मुखारविंद से यह आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण और सफल रहा था। इकाई प्रमुख विकास सिंघल के अनुसार यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और ज्ञान प्राप्त करने का विशेष अवसर है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भरत शर्मा ने बताया की जिस प्रकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है उसी क्रम में इनके अलावा जो भी निजी वाहन लेकर आएंगे उन्हें भी निशुल्क टोल करवाए जाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। चार दिवसीय कथा की जानकारी देते हुए। मानव संसाधन प्रमुख देवेंद्र माथुर ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बैठने के लिए वातानुकूलित पांडाल भी तैयार किया जा रहा है।


